हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 28 अगस्त 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



## खबर संक्षेप



### जवाहर नवोदय विद्यालय में मना स्पेस डे

**अम्बिकापुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय में नेशनल स्पेस डे मनाया गया। कार्यक्रम में भारत के स्पेस कार्यक्रम और उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ. एसके सिन्हा ने स्पेस साइंस से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूक किया एवं विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने अंतरिक्ष अन्वेषण और प्रौद्योगिकी की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने उद्देश्य से अंतरिक्षयान का मॉडल प्रस्तुत किया। छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और स्पेस साइंस से जुड़े विभिन्न पहलुओं से अवगत हुए।

### दुकान में घुसकर ढाई लाख चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**लखनपुर।** दुकान में घुसकर गल्ले से ढाई लाख रुपए की चोरी करने मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही नगदी व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद किया है। बता दें कि उद्यांशु अग्रवाल की हार्डवेयर की दुकान संचालित है। 15 अगस्त की देर शाम युवक दुकान के शटर को आधा गिराकर बस स्टैंड की तरफ गया हुआ था। इस दौरान युवक की मां ने देखा कि कोई दुकान में घुस आया है जब तक महिला छत से नीचे दुकान तक पहुंचती तब तक चोर भाग निकले। चोर दुकान के गल्ले से 2 लाख 48 हजार 5 सौ रुपए की चोरी की थी। मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए), 3(5), 112(1) के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर केवरापारा तहसीलपारा निवासी 19 वर्षीय पुनीत यादव उर्फ छोटू आ. स्व. लाल राम यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपने साथी पठानपुरा निवासी 24 वर्षीय साकिब खान उर्फ सोनी आ. महबूब खान के साथ मिलकर चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का पैसे से खरीदा गया 1 नग वन प्लस मोबाईल, एक नग हाथ में पहनने वाला घड़ी, शेष बचा 5 हजार नगदी रकम के साथ ही घटना में प्रयुक्त बाइक क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 0185 बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी आदतन बदमाश है। कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर शशिकान्त सिन्हा, सऊनि सिदयुस लकड़ा, प्रधान आरक्षक रवि सिंह, पीताम्बर सिंह, आरक्षक राकेश एक्का, रामजीत खलखो, जगेश्वर बघेल, असलम अंसारी सक्रिय रहे।

## नृत्यांगना टी रेड्डी लक्ष्मी ने नृत्य की बारीकियों से मोहा सभी का मन

# कुचिपुड़ी नृत्य में दिखा नैनों का बांकपन और आंगिक अभिनय



कॉलेज प्रबंधन समिति के पदाधिकारियो के साथ नृत्यांगना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नैनों का बांकपन, चेहरे की भंगिमा, आंगिक अभिनय और लय-ताल के साथ कदमों की थिरकन, घुंघुरूओं की रूनझुन का दृष्य श्री साई बाबा स्कूल के मंच पर कुचिपुड़ी नृत्य में एक साथ दिखा। स्पिक मैके के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नृत्यांगना टी. रेड्डी लक्ष्मी ने मां दुर्गा वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने मां दुर्गा के महिषासुरमर्दिनी के नृत्य को प्रस्तुत किया। नृत्यांगना लक्ष्मी ने चेहरे की भंगिमा और आंगिक अभिनय को नृत्य में पिरोते हुए महिषासुर के वध की प्रस्तुति दी। उन्होंने अपनी प्रस्तुति में गजेंद्र रक्षा के प्रसंग को प्रस्तुत किया जिसमें भगवान विष्णु घड़ियाल से गजराज को बचाते हैं। उनकी तीसरी प्रस्तुति में हैपीनेस की प्रधानता दिखी। प्रसन्नता के विभिन्न आयाम से दर्शक रू-ब-रू हुए। चौथी और आखिरी प्रस्तुति में उन्होंने थाली के साथ कदमों के संतुलन को दिखाया। घुंघरूओं की खनक और थाली का संयोजन लाजवाब दिखा। कला कला के लिये और कला जीवन के लिए का संदेश सभी को भा गया। इस दौरान उन्होंने कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, कथक, मोहिनी अट्टम, ओडिसी, सत्त्रिया, कथकली और मणिपुरी नृत्य से सभी को अवगत कराया। दर्शकों को नृत्यांगना टी. रेड्डी लक्ष्मी ने हाथों की निशान और उसके संदेश, इशारे से अवगत कराया। नृत्यांगना लक्ष्मी के साथ गायन में जयन कोटाक्कल, मृदंगम पर विग्नेश जयारामन और वायलिन पर सौम्या कानन ने संगत की। स्कूल के संगीत शिक्षक भानू शंकर झा ने स्वागत गीत राग बृंदावनी सारंग में हर्ष पटेल, आरव पैकरा, देवांश मरावी के साथ प्रस्तुति दी। स्कूल के आर्ची गोयल, प्रगति तिवारी, श्रीवली अग्रवाल, अनुरा शर्मा, कमाक्षी गुप्ता, रूपांजना सरकार, आरोही भारती, आयषी पैकरा वंदना शुक्ला ने कत्थक की प्रस्तुति दी। नेहा बच्छार, उदिता सिंह, काजल पैकरा, नैतिक पटवा, हर्ष पटेल ने देश भक्ति गीत की प्रस्तुति दी। एकल गायन तेरा हिमालय आकाश छू ले पर नेहा बच्छर आदि ने ताल मिलाया। तबला पर आरव, आकेश पैकरा की टीम ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय कुमार इंगोले, सचिव अजय कुमार इंगोले, सदस्य रेखा इंगोले, अलका इंगोले, प्राचार्य प्राची गोयल ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया।

**खास बात**

- शास्त्रीय नृत्यों की हुई आकर्षक प्रस्तुति

### सैनिक स्कूल में कुचिपुड़ी नृत्य का आयोजन

सैनिक स्कूल में सोमवार को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्यांगना सुश्री टी रेड्डी लक्ष्मी ने अपनी अनुपम प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ के तत्वाधान में आयोजित की गई। विद्यालय के विक्रम बत्रा ब्लॉक स्थित मंच पर सायं काल कलाकारों ने नृत्य की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। सुश्री टी लक्ष्मी ने अपनी प्रस्तुतियों में स्त्री शक्ति को अनेक रूपों में प्रकट किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उन्होंने शक्ति की प्रतीक श्री दुर्गा स्तुति की प्रस्तुति दी। इसके प्रश्चात उन्होंने द्रौपदी वस्त्र हरण के साथ परम्परागत शास्त्रीय नृत्य तरंगम के माध्यम से अद्भुत अभिनय एवं अभ्यास का प्रदर्शन किया। उनके नृत्य में भाव, ताल और पद संचालन की समरसता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी नृत्य शैली ने न केवल सौंदर्य का प्रदर्शन किया, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत की आत्मा को भी जीवंत कर दिया। अंत में प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा कहा कि भारतीय शास्त्रीय कला केवल मनोरंजन नहीं, यह हमारी परंपरा, मूल्य और आत्मा का प्रतिबिंब है। ऐसे कार्यक्रमों से हमारे कैडेट्स को न केवल सांस्कृतिक ज्ञान प्राप्त होता है, बल्कि उनमें अनुशासन, संवेदनशीलता और अभ्यास को आत्मसात करने की भावना भी विकसित होती है। इस दौरान उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. पी श्रीनिवास, प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर, शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं सामान्य कर्मचारी, उनके परिजन और कैडेट उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कैडेट मल्हार, आराध्य और क्षितिज ने किया।






### गोल्ड मेडल के साथ सैनिक स्कूल के कैडेटों का राष्ट्रीय खेलों में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भुवनेश्वर में आयोजित इण्ट्राग्रुप स्पोर्ट्स एवं कल्चरलमीट में सैनिक स्कूल के कैडेटों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 6 गोल्ड मेडल के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

कैडेट एग्नीसा कुमारी, सोनल पवन, लीसा दीवान, अंकित कुमार, वीनीता गवेल गोल्डमेडल हासिल करने के साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित हुए है। कैडेट पी एन्जिल, जॉनसी केरकेट्टा, प्राची धनवार, लीसा दिवान ने रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं बॉलीबॉल में कैडेट सूर्यवीर यादव और एथलेक्सि में कैडेट लीसा दीवान ने उत्कृष्ट खिलाड़ी का ट्रॉफी हासिल किया है। स्कूल के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 6 गोल्ड, 7 सिल्वर और 3 ब्रांज मेडल हासिल किया है। टीम के मैनेजर सौरभ जैन ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों के लिए कैडेट सैनिक स्कूल रीवा जाएंगे जहां देश के प्रत्येक जोन के चयनित प्रतिभागी भाग लेंगे। प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती और लेफ्टिनेंट कर्नल पी श्रीनिवास ने चयनित कैडेटों का स्वागत किया और पीटीआई रिषपाल सिंह, चित्रलेखा साहू और टीम मैनेजर सौरभ जैन को शुभकामनाएं दी।

### राष्ट्रीय नेटबॉल सीनियर स्पर्धा में सरगुजा की खुशबू का चयन

सरगुजा जिले की प्रतिभाशाली खिलाड़ी खुशबू गुप्ता ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। हरियाणा में आयोजित होने जा रही 4थी फास्ट फाइव सीनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए उनका चयन छत्तीसगढ़ राज्य टीम में हुआ है।



यह प्रतियोगिता 28 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक हरियाणा में खेली जाएगी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा की खिलाड़ी खुशबू गुप्ता प्रतिदिन गांधी स्टेडियम के बास्केटबॉल ग्राउंड में अभ्यास करती हैं। अपनी निरंतर मेहनत और संघर्ष के बल पर उसने पहले भी नेटबॉल में सरगुजा को कई बड़ी उपलब्धियां दिलाई हैं और अब राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के महिला टीम सम्मिलित होकर राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के चयनित खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त ट्रैकसूट व किट का वितरण किया गया इस अवसर पर खेल अधिकारी सुब्रत प्रधान, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के एसएस बघेल तथा नेटबॉल एसोशिएशन के प्रदेश महासचिव राजेश राठौर भी उपस्थित रहे।

## खाद दुकानों का औचक निरीक्षण, नोटिस जारी

**बैकुंठपुर।** कार्यालय उप संचालक कृषि मनेन्द्रगढ़ द्वारा खरीफ सीजन के दौरान किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले उर्वरक समय पर और उचित दर पर उपलब्ध कराने की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने 25 अगस्त को जिले के विभिन्न निजी उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण अभियान का नेतृत्व कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार किया गया। इसमें विशेष रूप से किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए सभी आवश्यक पहलुओं की बारीकी से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दल ने उर्वरक भंडारण की स्थिति, विक्रय पद्धति, निर्धारित दरों का पालन, बिक्री रजिस्टर का संधारण, स्टॉक की उपलब्धता तथा गुणवत्ता मानकों की गहनता से जांच की। यह सुनिश्चित किया गया कि किसानों को न तो किसी प्रकार की कमी का सामना करना पड़े और न ही उन्हें अधिक मूल्य चुकाना पड़े। निरीक्षण दल ने पाया कि अधिकांश प्रतिष्ठानों में व्यवस्थाएं ठीक थीं, किंतु अग्रहरी कृषि सेवा केन्द्र नागपुर और नारायण अग्रवाल बरबसपुर में कई अनियमितताएं उजागर हुईं। इन अनियमितताओं में निर्धारित दर से अधिक पर विक्रय और रजिस्टर संधारण में गड़बड़ियां प्रमुख रहीं। इस पर दोनों प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा भविष्य में इस तरह की गतिविधियां दोहराए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। उप संचालक कृषि इन्द्रासन पैकरा ने स्पष्ट किया कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना और समय पर उसका पारदर्शी वितरण कराना कृषि विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसान हमारी कृषि व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी सुरक्षा तथा सुविधा के लिए समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण अभियान चलाए जाते हैं। उन्होंने जिले के सभी निजी उर्वरक विक्रेताओं को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वे निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें, मुनाफाखोरी और अवैध भंडारण जैसी गतिविधियों से दूर रहें, अन्यथा दोषी पाए जाने पर किसी भी स्थिति में वैधानिक कार्रवाई से छूट नहीं दी जाएगी। इस निरीक्षण अभियान के दौरान दल में उप संचालक कृषि इंद्रासन पैकरा के साथ अनुविभागीय कृषि अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार कुर्रे, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी महेश पैकरा तथा उर्वरक निरीक्षक भी मौजूद रहे। कृषि विभाग की इस सक्रिय पहल से जिले के किसानों में विश्वास और संतोष की भावना प्रबल हुई है तथा यह सुनिश्चित हुआ है कि आगामी खरीफ सीजन में उन्हें उच्च गुणवत्ता युक्त उर्वरक सहजता और समय पर उपलब्ध होगा।

### चिरमिरी निगम में कचरा प्रबंधन के लिए 6.26 करोड़ की परियोजना मंजूर

**बैकुंठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन तथा उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रयासों से स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की 8 वीं बैठक में चिरमिरी नगर पालिक निगम क्षेत्र में सूखे और गीले कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए आधुनिक संयंत्र स्थापित करने तथा संयंत्रों के उन्नयन एवं विकास की योजना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना पर कुल 6 करोड़ 26 लाख 27 हजार रूपए खर्च किए जाएंगे। स्वीकृत परियोजना के तहत सूखे कचरे के लिए उन्नयन एवं विकास के लिए 12 एमआरएफ प्लांट तथा गीले कचरे के लिए 12 नवीन विंड्रो कंपोस्ट प्लांट की स्थापना की जाएगी।

## रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए सरगुजा संभाग के 850 श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने दिखाई हरीझंडी, पार्षदों के साथ महापौर भी रवाना हुई अयोध्या



प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी श्री रामलला दर्शन योजना तहत श्रद्धालुओं को लेकर बुधवार को विशेष ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना हुई। अयोध्या की आठवीं यात्रा पर निकली इस ट्रेन को प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बड़ी बात यह है कि इस बार अयोध्या दर्शन के लिए भक्तों के साथ शहर की महिला महापौर श्रीमती मंजूषा भगत अपने महिला पार्षदों और महिला मोर्चा की सदस्यों के साथ रवाना हुई। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि यह योजना श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है, जिससे जनमानस में आस्था और संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। शासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु यात्रा में भोजन, ठहरने एवं चिकित्सा सेवाओं की विशेष व्यवस्था की गई है। इस योजना के तहत पहले श्रद्धालुओं को काशी विश्वनाथ का दर्शन कराया जाएगा, उसके पश्चात अयोध्या धाम में श्री रामलला के दर्शन का लाभ मिलेगा। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने बताया कि मुझे निगम पार्षदों के साथ अयोध्या जाने का सौभाग्य मिला है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पूरी हो रही है। हम सबके लिए यह गर्व का विषय है कि श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के दर्शन करने का लाभ मिल रहा है। श्री राम लला के दर्शन कर मैं प्रदेश की उन्नति और खुशहाली की कामना करूंगी।

### पुलिस ने बरामद की चोरी की तीन बाइक आरोपी की तलाश जारी

**अंबिकापुर।** बासाझाल तुतपारा निवासी अनुदीप तिग्गा ने अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीटी 2313 को 17 अगस्त को देवरी रोड के समीप खड़ा किया था। इस दौरान अज्ञात चोर युवक की बाइक लेकर फरार हो गए थे। इस मामले में शिकायत के बदपुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी गई बाइक एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 15 डीटी 2313 को नकना से बरामद किया है। इसके साथ ही पल्सर बैक क्रमांक सीजी 04 एलसी 2725 एवं सीजी 30 5073 कों देवरी रोड बतौली से बरामद किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली सीपी तिवारी, सउनि संजय कुमार गुप्ता, नारायण सिंह मरावी, प्रधान आरक्षक रविश लकड़ा, आरक्षक राजेश खलखो, विकास एक्का, राजू कुजूर, नवीन खलखो एवं भगलू पैकरा सक्रिय रहे।

### मातृ छाया में पल रही मासूम की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत

**अम्बिकापुर।** सेवा भारती मातृछाया के कर्मचारी विवेक तिवारी ने पुलिस को बताया कि 1 माह 10 दिन के अंशिका को 20 अगस्त को सूरजपुर के बाल कल्याण से लाया गया था। दूसरे दिन अंशिका की तबीयत खराब हो जाने से उसे नवापारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान मंगलवार की दोपहर उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर मातृछाया के कर्मचारियों के सुपुर्द किया है।

## फर्जी अंकसूची बनाने के मामले में निजी स्कूल संचालक समेत चार गिरफ्तार



**शंकरगढ़।** फर्जी अंकसूची के जरिए आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी हासिल करने के मामले में पुलिस ने महिलाओं के बाद अब अंकसूची बनाने वाले आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने इस मामले में कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि शंकरगढ़ विकासखंड में बेहराटोली जार्गिम, कटहरपारा महुआडीह, धाजापाठ कोठली, डूमरपानी बेलकोना में महिलाओं द्वारा कक्षा आठवीं की फर्जी अंकसूची के जरिए आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर नौकरी पाने का मामला सामने आया था। कलेक्टर के निर्देश पर जांच उपरांत प्रभारी परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कुसमी द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त चार महिलाओं को गिरफ्तार किया था। वहीं अब इस मामले में कार्रवाई करते हुए शंकरगढ़ अजीजी पब्लिक स्कूल के संचालक भगवतपुर निवासी 50 वर्षीय समसुद्दीन अंसारी आ. स्व. जकीरा अंसारी, प्राचार्य 22 वर्षीय आबिद अंसारी आ. समसुद्दीन अंसारी, पुर्ग में गिरफ्तार आंगनबाड़ी सहायिका सुशीला पैकरा के पति 30 वर्षीय उमाशंकर पैकरा आ. सिकुल पैकरा व 30 वर्षीय शिव नारायण रवि आ. स्व. भिखवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 318(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2) के तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### नशीले इंजेक्शन का सप्लायर गिरफ्तार, गया जेल

**अम्बिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को बीती रात उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ क्षेत्र में नशीले इंजेक्शन सप्लाई कर रहे युवक को पकड़ा बल्कि उसके पास से 1 लाख 20 हजार कीमत के नशीले इंजेक्शन जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता संभाग की टीम द्वारा नशे के कारोबारियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में बीती रात सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सीतापुर अंतर्गत सोनतरई निवासी बिनोद सैनी भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन लेकर पंचायत भवन सोनतराई के पास सप्लाई के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर उड़नदस्ता टीम ने पंचायत भवन सोनतराई के समीप युवक को पकड़ा। टीम ने उसके पास रखे बैग की तलाशी ली तो बैग से 1 लाख 20 हजार कीमत की 60 नशीला इंजेक्शन बरामद किया। उड़न दस्ता की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं अंजू एक्का सक्रिय रहे।








हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 28 अगस्त 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 कुचिपुड़ी नृत्य में दिखा नैनों का बांकपन और आंगिक अभिनय



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

# दलधोवा घाट पर पलटा ट्रैक्टर तो खुला गांजा तस्करी का राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

गांजा तस्करी के लिए तस्कर नए नए तरीके अपना रहे है। तस्करों द्वारा गांजा को ले जाने के लिए वाहनों में गुप्त बॉक्स बनाए जा रहे है। इस बात का खुलासा बीती रात हुई दुर्घटना में हुआ है। एनएच 343 पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खाई में गिर गई। सडक दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद जब यातायात पुलिस मौके पर पहुंची तो उनके होश उड़ गए। दुर्घटना के बाद घटना स्थल पर गांजा के बड़े बड़े पैकेट चारो तरफ बिखरे पड़े थे। मौके से लगभग सवा क्विंटल गांजा बरामद किए जाने की बात कही जा रही है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि 27 अगस्त की रात लगभग 1 बजे यातायात पुलिस को सूचना मिली थी कि एनएच 343 पर दलधोवा घाट के समीप एक ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद यातायात प्रभारी विमलेश कुमार देवांगन के नेतृत्व में यातायात पुलिस व हाइवे पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो उनके होश उड़ गये। घटना के बाद क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर के चारो ओर गांजा के बड़े बड़े पैकेट बिखरे पड़े हुए थे और एक चालक गंभीर रूप से घायल पडा हुआ था। यातायात पुलिस ने इस घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा लगभग 20 फीट गहराई में घायल ट्रैक्टर चालक को निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है इसके साथ ही मौके पर मौजूद गांजा को जब्त किया गया है। संभावना जताई जा रही है कि एनएच 343 पर दलधोवा मोड़ पर काफी अन्धेरा था और चालक तेज रफ्तार के कारण ट्रैक्टर को मोड़ नहीं पाया और वाहन सीधे नीचे खाई में गिर गया।

### ट्राली में गुप्त बॉक्स बनाकर की जा रही थी तस्करी, 20 फीट गहरी खाई में गिरा वाहन

#### ओड़ीसा से हो रही थी तस्करी

पुलिस ने घटना स्थल से लगभग सवा क्विंटल गांजा बरामद किया है। इतने बड़े पैमाने पर गांजा की तस्करी एक बड़े गिरोह द्वारा किए जाने की बात कही जा रही है। बड़ी बात यह है कि ट्रैक्टर के ट्राली में एक अलग से बॉक्स बनाकर गांजा को छिपाया गया था। गांजा की ज्यादातर खेप उड़ीसा से सप्लाई की जाती है। तस्कर ओड़ीसा से जशपुर होते हुए आवागमन करते है। इस कारोबार में कई अन्य लोगों के शामिल होने की संभावना है लेकिन फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।





## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

**बलरामपुर।** मेजर ध्यानचंद की जन्म जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। साथ ही फिट इंडिया मूवमेंट के तहत 29 से 31 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी खेल एवं फिटनेस गतिविधियों के आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय बलरामपुर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल के खेल मैदान में 29 अगस्त को प्रातः 10 बजे से मेजर ध्यानचंद की जयंती, फिट इंडिया शपथ, खेल-कूद एवं मनोरंजन गतिविधियां आयोजित की जाएगी। उक्त आयोजन में जिले के खेल संघ के पदाधिकारीगण, खिलाड़ियों तथा जिला मुख्यालय के समस्त स्कूल/कॉलेज के विद्यार्थी भाग लेंगे। जिसमें रस्साकशी, कबड्डी, वॉलीबॉल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला खेल अधिकारी ने जानकारी दी है कि 29 अगस्त को सांसद चिंतामणि महाराज के द्वारा संसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। 30 अगस्त को खेल संबंधी विषयों पर वाद-विवाद, फिटनेस टॉक प्रतियोगिता एवं 31 अगस्त को साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता ओपन केटेगेरी में सम्पन्न होगी।

### सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता 30 को

**बलरामपुर।** प्रदेश में सतत रूप से बढ़ती दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जन-जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' की महत्ता को प्रतिपादित करने विषय पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र-छात्राओं के मध्य किया जा रहा है। प्रतियोगिता 15 अगस्त को स्कूल स्तरीय, 23 अगस्त को विकासखण्ड स्तर, 30 अगस्त को जिला स्तर, 6 सितंबर को संभाग स्तर व राज्य स्तर पर प्रतियोगिता 13 सितम्बर को सम्पन्न होगी। जिला सड़क सुरक्षा समिति, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण अध्यक्ष एवं कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन एवं जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के नेतृत्व में जिले में जनजागरूकता के उद्देश्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

### 750 रुपए की दर से कर रहा था बिक्री

# दूसरे जिले से आकर तस्कर कर रहे यूरिया की कालाबाजारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

**खास बात**
- 90 बोरी खाद जब्त, कृषि विभाग ने की कार्रवाई

एक तरफ किसान यूरिया खाद की किल्लत से जूझ रहे है तो वहीं दूसरी ओर यूरिया की कालाबाजारी भी जोर शोर से चल रही है। समितियों में यूरिया उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर कोचिया और तस्कर बेखौफ होकर तीन से चार गुना अधिक कीमत पर यूरिया बेच रहे है। इतना ही नहीं अब इस कारोबार में दूसरे जिलों के तस्कर भी शामिल हो गए है। इस बात का खुलासा बुधवार को कृषि व राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई से हुआ है। इस कार्रवाई में टीम ने 90 बोरी अवैध यूरिया बरामद किया है। टीम ने यूरिया को जब्त कर गोदाम को सील कर दिया है।

बताया जा रहा है कि मैनपाट की तराई में बसे गांव जामकानी में ग्रामीणों ने किसानों को निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर यूरिया बेचने की शिकायत की थी। शिकायत के बाद कृषि विभाग से उर्वरक निरीक्षक संतोष बेक, सोहन भगत, एसडीओ कृषि रामदेव निराला, आरएईओ सुरेश पैंकरा सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए थे। इस दौरान संयुक्त टीम की जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि रायगढ़ जिले के कापू स्थित राय कृषि सेवा केंद्र के संचालक गजेंद्र कुमार राय आ.रामाधार राय द्वारा बिना किसी वैध लाइसेंस के दूसरे जिले में आकर यूरिया की कालाबाजारी की जा रही थी। तस्कर गजेंद्र राय जामकानी में अपने पार्टनर शंभुनाथ मिश्रा आ. गया प्रसाद मिश्रा के आवास में खाद का भंडारण किया गया था। सहकारी समितियों में यूरिया की सप्लाई नहीं होने का भरपूर फायदा तस्करों द्वारा उठाया जा रहा था। वर्तमान में जब किसानों को खाद की सबसे ज्यादा जरूरत है तो तस्करों द्वारा 266 रुपए प्रति बोरी ⏭ शेष पेज 5 पर



कार्राई करते अधिकारी।

#### 950 रुपए तक में बिक्री, की गई कार्रवाई



**वाड्रफनगर।** तस्कर किस कदर बेखौफ होकर किसानों को लूटने का काम कर रहे है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बलरामपुर जिले में चार गुना तक कीमत पर यूरिया की कालाबाजारी की जा रही है। बुधवार को एसडीएम नीरनिधि नन्देहा को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर यूरिया की सप्लाई की जा रही है। सूचना के बाद एसडीएम के नेतृत्व में कृषि विभाग, खाद निरीक्षक, नायब तहसीलदार, पटवारी की संयुक्त टीम ने बजरंग ट्रेडर्स में छापा मारा। इस दौरान यह पुष्टि हुई कि 266 रुपए बोरी बिकने वाले यूरिया को बजरंग ट्रेडर्स में 9500 रुपए में बेचा जा रहा था। संचालक शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से चार गुना अधिक दर पर बिक्री कर किसानों को लूट रहा था। अनुविभागीय अधिकारी श्री नन्देहा ने बताया कि शासन ने किसानों की सुविधा हेतु उर्वरकों की कीमत तय कर रखी है। ऐसे में अगर कोई दुकानदार निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर खाद बेचते पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# दो दिनों से लापता किसान का खेत में मिला शव, परिजन ने जताई हत्या की शंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची, बरगीडीह क्षेत्र की घटना

लुंड्रा थाना क्षेत्र के बरगीडीह में दो दिनों से लापता किसान का शव खेत में मिला है। किसान घर से खेत में काम करने के नाम पर निकला था। बुधवार की सुबह ग्रामीण का शव खेत में मिला है। परिजन ने मामले में हत्या की आशंका जाहिर करते हुए जांच की मांग की है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस के साथ डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि लुंड्रा थाना अंतर्गत बरगीडीह खाराकोना बीजापारा निवासी 55 वर्षीय भदवा तिर्की आ. घुरसाय 25 अगस्त की सुबह फावड़ा लेकर घर से खेत में काम करने जाने के नाम पर निकला था। परिजन का कहना है कि कुछ समय बात जब भदवा तिर्की की पत्नी भी खेत में पहुंची तो ग्रामीण मौजूद नहीं था और उसका फावड़ा खेत के पास पड़ा हुआ था। ऐसे में परिजन द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी। परिजन लगातार दो दिनों से उसकी तलाश कर रहे थे और 26 अगस्त को घटना की शिकायत उन्होंने पुलिस को भी दी थी। इस बीच बुधवार की सुबह मृतक का छोटा भाई फिर से भदवा तिर्की को खोजते हुए खेत पहुंचा जहां उसका सडा हुआ शव मिला। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी आरएन पटेल दलबल के साथ मौके पर पहुंचे इसके साथ ही फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया गया था। पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच के बाद मृतक के शव को पीएम उपरान्त देर शाम परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। इसके साथ ही डॉग स्क्वायड की टीम ने भी अपने स्तर पर जांच की है लेकिन पुलिस को फिलहाल कोई सुराग नहीं मिले है। अधिकारी पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होने की बात कह रहे है।



घटनास्थल पर परिजन, इनसेट में मृतक।

#### शव को लाकर फेंकने का आरोप

इधर इस मामले में मृतक के परिजन ने किसान की हत्या की शंका जाहिर की है। मृतक के बच्चे नहीं थे। मृतक की पत्नी का कहना है कि 25 अगस्त को वह भी खेत पहुंची थी और जब उसने पति को खेत में नहीं देखा तो उसने खोजबीन की थी। परिजन लगातार खेत की तरफ उसकी खोजबीन कर रहे थे लेकिन बुधवार को अचानक उसका शव नजर आया है। इसके साथ ही घटनास्थल पर किसी प्रकार के छटपटाने के निशान भी नहीं है। परिजन ने किसान भदवा तिर्की की हत्या कर शव को लाकर फेंकने की आशंका जाहिर की है।

#### चल रही है जांच

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को मौके पर भेजा गया था। पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# सड़क पर पैदल चल रही तीन बच्चियों को कार ने मारी टक्कर



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार की दोपहर दरिमा रोड पर तेज रफ्तार कार ने सड़क पर पैदल चल रही तीन किशोरियों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार भी अनियंत्रित होकर विद्युत खम्बे से टकरा गई। इस दुर्घटना में बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक बच्ची की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं घटना में कार सवारों को भी चोट आई है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि बुधवार की दोपहर मैनपाट की ओर से एक तरफ रफ्तार कार क्रमांक सीजी 10 बीएच 5525 अंबिकापुर की ओर आ रही थी। इस दौरान दरिमा रोड पर चम्पा नाला के समीप चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे पैदल चल रही तीन बच्चियों को टक्कर मार दी। इस टक्कर से बच्चियां दूर जा गिरी जबकि टक्कर के बाद कार भी सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। इस टक्कर के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने कार सवार दो महिलाओं और तीन पुरुषों को बाहर निकाला। इसके साथ ही टक्कर से घायल बच्चियों को उठाकर निजी वाहन से तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि इस घटना में मानिकप्रकाशपुर निवासी 15 वर्षीया जयंती कोरवा आ. रुपदेव, चंपा नाला के समीप रहने वाली 15 वर्षीय साक्षी पाण्डेय आ. सोहन पाण्डेय व 16 वर्षीया उर्मिला नागेश को गंभीर चोट आई है जिसमें उर्मिला की हालत नाजुक बनी हुई है। इस घटना के बाद कार सवार लोग भी दूसरे वाहन से उपचार के लिए निजी अस्पताल चले गये। इस घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंभीर रूप से घायल बच्चियों के परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। ऐसे में उन्हें सम्पूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही दोषियों पर कार्रवाई की जाए। फिलहाल पुलिस द्वारा वाहन को जब्त करने के साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 02 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दो में से एक है। जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

पुरस्कार वितरण समारोह
हरिभूमि द्वारा आयोजित
व्यापार एवं उद्योग मेला के अवसर पर
रंगोली सजाओ प्रतियोगिता | मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर
सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
का पुरस्कार वितरण समारोह
शनिवार, दिनांक - 30 अगस्त 2025
समय - दोपहर 1 बजे
स्थान - हरिभूमि कार्यालय
गौरव पथ, रिंग रोड नं. 2, बिलासपुर (छ.ग.)
रंगोली सजाओ प्रतियोगिता, मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता, महिला दिवस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को परिचय पत्र की छाया प्रति जमा करना अनिवार्य है।


प्रथम सरगुजा आगमन पर
शत्-शत् अभिनंदन...
लखनपुर के माटीपुत्र, जन जन प्रिय
मा. राजेश अग्रवाल जी
के कैबिनेट मंत्री बनने पर
अनंत हार्दिक शुभकामनाएं...
विनोद अग्रवाल
रूपेश मित्तल
अनिल गोयल
हरविन्द अग्रवाल
विजय सोनी
बीनू अग्रवाल
अंकित अग्रवाल
राजेश अग्रवाल
बतौली
मुकेश अग्रवाल
प्रमोद अग्रवाल
सुनील अग्रवाल
निलेश अग्रवाल
राजू अग्रवाल
जगदीश केडिया
निकेश केडिया
सतीश अग्रवाल
अंकुर अग्रवाल
प्रिंस अग्रवाल
राईस मिल एसोसिएशन सरगुजा

## खबर संक्षेप

### जम्मू में आयोजित पीएम श्री क्षमता निर्माण कार्यशाला में शिक्षक खूबचंद भी होंगे शामिल



**बिश्रामपुर।** शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देने और शिक्षकों की दक्षता को और निखारने के उद्देश्य से पीएमश्री क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन जम्मू में होने जा रहा है,आगामी 4 से 8 सितंबर तक चलने वाली इस कार्यशाला में देशभर से चुनिंदा शिक्षक शामिल होंगे, कार्यशाला में पूरे छत्तीसगढ़ से 151 चयनित शिक्षक भाग लेंगे,यह आयोजन उच्च शिक्षा संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है,जिसमें शिक्षकों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न आयामों पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, साथ ही शिक्षकों की रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और समूह गतिविधियां भी आयोजित होंगी, उक्त कार्यशाला में पीएमश्री सेजेस जयनगर से गणित के व्याख्याता खूबचंद राजवाड़े भी चयनित हुए हैं,श्री राजवाड़े का इस राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण में शामिल होना जिले के लिए गर्व की बात है,कार्यशाला में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों,तकनीकी संसाधनों के उपयोग, और विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर विशेष बल दिया जाएगा।

### सूरत के स्वच्छता प्रबंधन से प्रेरणा लेगा सूरजपुर नगर पालिका



**सूरजपुर।** राज्य शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा स्वच्छ भारत मिशन शहरी-2 के तहत गुजरात राज्य के सूरत नगर निगम में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों के अवलोकन एवं अध्ययन हेतु छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगर पालिका अध्यक्षों एवं अधिकारियों का एक प्रतिनिधि दल गठित किया गया है। इस अध्ययन भ्रमण दल में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभाकर शुक्ला को भी शामिल किया गया है। यह दल 28 से 30 अगस्त तक सूरत नगर निगम अंतर्गत संचालित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता नवाचार तथा अन्य प्रबंधन कार्यों का निरीक्षण एवं अध्ययन करेगा। अध्ययन भ्रमण से प्राप्त अनुभव एवं नवीनतम तकनीकी जानकारियों का लाभ सूरजपुर नगर पालिका को मिलेगा। इससे भविष्य में नगर के भीतर स्वच्छता प्रबंधन से संबंधित कार्यों को और भी बेहतर ढंग से संचालित किया जा सकेगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े ने बताया कि इस भ्रमण से स्थानीय स्तर पर अपशिष्ट प्रबंधन की कार्ययोजना को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभाकर शुक्ला का कहना है कि सूरत नगर निगम की कार्यप्रणाली और स्वच्छता व्यवस्था पूरे देश में मिसाल है और उसका अध्ययन सूरजपुर की स्वच्छता व्यवस्था को एक नई दिशा देगा। यह अध्ययन दौरा नगर के विकास और नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

### तमोर पिंगला का रेस्क्यू सेंटर बना शो पीस

# हाथियों का आतंक : प्रतापपुर क्षेत्र में दो दंतैल मचा रहे उत्पात, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मसगा, सोनपुर, टूकुडाड़, नवाडीह और पेंडारी सहित दर्जनों गांव के ग्रामीण इन दिनों दो दंतैल के आतंक से दहशत में हैं। पिछले पांच दिनों से हाथियों ने गांव में घुसकर खड़ी फसलों को चौपट कर दिया है। ऐसे में अब लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। किसान दिन-रात अपनी फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। बरसात में यह पहरेदारी और भी खतरनाक साबित हो रही है क्योंकि अंधेरे में सर्प-बिच्छू और अन्य जानवरों का डर हमेशा बना रहता है।

**खास बात**

- पिछले पांच दिनों से फसलों को पहुंचा रहा नुकसान

ग्रामीणों ने बताया कि जब हाथी जंगल से बाहर निकलता है तो वन विभाग के कोई कर्मचारी नहीं होते जिससे ग्रामीण खुद ही हाथी को भगाने में लगे रहते हैं। जिसके वजह से जान माल की हानि भी हो जाती है। दोनों दंतैल हाथी बहुत ही आक्रामक है। देखते ही देखते कुछ घंटे में दोनों दंतैल एक गांव से दूसरे गांव में पहुंच जाते है। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों दंतैल के गांव के आसपास मौजूद रहने के कारण अब लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने हाथियों को बेहोश करके तमोर पिंगला अभ्यारण में छोड़ने की बात कही जिससे उत्पात मचा रहे हाथियों राहत मिल सके। हाथियों के कारण गांव के ही विजय जायसवाल आ. शिवनारायण जायसवाल, रतीराम सीताराम, भजन सोनपुर, धनेश्वर आ. शिव टहल, सतीश प्रजापति, वृक्ष प्रजापति सोनपुर, हरिहर, सीताराम, चरण, मसगा सहित कई किसानों की फसल बर्बाद हो चुकी हैं। पीड़ित किसानों का कहना है कि खून-पसीने की मेहनत एक रात में चौपट हो रही है। दिन में सड़क पर हाथियों का डर, रात में खेत की रखवाली का डर आखिर कब तक डर के साए में रहेंगे। अपनी फसल बचाएं या अपनी जान, यह समझ नहीं आता। हाथी इतने आक्रामक हैं कि कभी भी हमला कर सकते हैं।



बस्ती की ओर जाता दंतैल।

**वन विभाग की खानापूर्ति**

ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के कर्मचारी मौके पर कभी नजर नहीं आते। विभाग केवल यह दिखाने के लिए कि कार्रवाई हो रही है और कागजों में रिपोर्ट बना देता है। कुछ स्थानों पर सड़क पर बैरिकेड लगा दिए गए हैं ताकि ग्रामीण आवाजाही न कर सकें जिससे लोगों को और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों को खदेड़ने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही और उन्हें अकेला छोड़ दिया जाता है जिससे जान-माल का खतरा और बढ़ जाता है।

**तमोर पिंगला रेस्क्यू सेंटर की पोल खुली**

ग्रामीणों का कहना है कि रमकोला स्थित तमोर पिंगला अभ्यारण्य में बना हाथी रेस्क्यू सेंटर महज़ एक शो पीस है। वहां कुछ पालतू हाथियों को रखकर लाखों रुपए की बंदरबांट की जा रही है। हाथियों के नाम पर सरकार से हर साल करोड़ों रुपए खर्च करती हैं, लेकिन असल में न तो हाथियों को सुरक्षा मिल पा रहा है और न ही ग्रामीणों को राहत। ग्रामीणों ने कहा कि इन आक्रामक हाथियों के कारण गांवों में हड़कंप मचा हुआ है। लोग न तो खेत जा पा रहे हैं और न ही रात को चैन की नींद सो पा रहे हैं। किसानों ने स्पष्ट कहा है कि अगर समय रहते प्रशासन ने कदम नहीं उठाया तो बड़ी जनहानि हो सकती है।



## इंस्पायर अवार्ड मानक को लेकर ली गई शिक्षक व संस्था प्रमुखों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

इंस्पायर अवार्ड मानक के अंतर्गत विकासखंड राजपुर में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के संस्था प्रमुख-नोडल शिक्षकों की बैठक बीआरसी सभाकक्ष में जिला नोडल अधिकारी रविशंकर श्रीवास एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में ली गई।

जिला नोडल अधिकारी श्री श्रीवास द्वारा बैठक में उपस्थित संस्था प्रमखों को इंस्पायर अवार्ड मानक योजना से परिचय कराते हुए कक्षा 6वीं से 10वीं तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पंजीयन कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। आनलाईन पंजीयन करते समय बरती जाने वाली सावधानियां व आवश्यक दस्तावेजों अंतर्गत समाज उपयोगी विचारों पर आधारित प्रादर्श अथवा नवाचार से संबंधित विचार शामिल हों। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आदित्य पाटनवार द्वारा उपस्थित संस्था प्रमुखों को अपने-अपने संस्था में अध्ययनरत 5-5 विद्यार्थियों का ऑनलाईन पंजीयन कार्य समय सीमा के पूर्व पूर्ण कराये जाने के लिए कहा गया।

समीक्षा बैठक में अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के प्रतिनिधि आशुतोष त्रिपाठी द्वारा इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किया गया।



## जंगल में खुखड़ी उठाने गए वृद्ध दो भालुओं ने किया हमला, गंभीर

**सोनगरा।** सुबह गांव के समीप जंगल में खुखरी उठाने गए वृद्ध को दो भालुओं ने हमला कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अंबिकापुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां घायल का उपचार जारी व गंभीर हालत बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम बोझा कांस दोहर निवासी चमरू राम आ. मान साय कवंर (75 वर्ष) सुबह लगभग 6 बजे गांव के समीप जंगल में खुखड़ी उठाने गया था। जैसे ही वृद्ध जंगल में खुखड़ी तलाश करते हुए झाड़ी के समीप पहुंचा तभी झाड़ी के समीप मौजूद दो भालुओं ने वृद्ध पर हमला कर दिया। अचानक भालुओं के हमले से वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर गांव के लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंच घायल हो घर तक लेकर आए और घटना की सूचना वन विभाग को दी।

सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल के परिजन को सहायता राशि उपलब्ध कराने के पश्चात घायल को अंबिकापुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां घायल का उपचार जारी व गंभीर हालत बनी हुई है। इस दौरान आनंद सरकार, प्रीतम भगत, अशोक गुप्ता, नरेन्द्र राजवाड़े सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# कानून व्यवस्था दुरुस्त करने थाने में बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शहर की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अव्यवस्थाओं को दूर करने के उद्देश्य से बुधवार को बिश्रामपुर थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर के निर्देश पर एसडीओपी अभिषेक पैकरा की उपस्थिति में की गई। बैठक में नगर पंचायत शिवनंदनपुर और बिश्रामपुर क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई,बैठक में मुख्य मार्गों पर लगे होर्डिंग्स जो दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं,इनको तत्काल हटाने का आदेश दिया गया,मुख्य मार्केट में दुकानदारों द्वारा सड़क तक दुकानें सजाने और रास्ता घेरने की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई,शहर में घूम रहे आवारा मवेशियों से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं,बैठक में इनके मालिकों की पहचान कर उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया,यातायात को सुचारू बनाने और भीड़-भाड़ कम करने के लिए नगर पंचायत को निर्देश दिए गए,बैठक में बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर,जिला यातायात प्रभारी बृजकिशोर पांडेय,नगर पंचायत शिवनंदनपुर के सीएमओ सुनील सिन्हा तथा नगर पंचायत बिश्रामपुर से अरविंद यादव उपस्थित रहे,अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि नगर की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल किया जाएगा और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी,अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से अपील किया कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें,साथ ही दुकानदारों और पशुपालकों से नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई,प्राप्त जानकारी अनुसार बैठक उपरांत नगर पंचायत शिवनंदनपुर प्रबंधन द्वारा मुख्य मार्केट में सड़क के बीच लगाए गए होर्डिंग्स को हटाने की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है।

## जंगल में मधुमक्खियों के हमले से घायल अधेड़ महिला की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहाड़गांव सत्तीपारा निवासी अधेड़ महिला की मधुमक्खियों के हमले में गंभीर रूप से घायल होने पश्चात उपचार के दौरान आज बुधवार को मौत हो गई है,गौरतलब है कि सोमवार को मवेशी चराने पिलखा डेम समीप जंगल गई ग्राम पहाड़गांव सत्तीपारा निवासी 50 वर्षीय सोनकुंवर यादव पति बुद्धू राम यादव पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया,जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गई, घायल हुई अधेड़ महिला को परिजन द्वारा अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहां उपचार के दौरान महिला की बुधवार को मौत हो गई,सोनकुंवर यादव की असामयिक मौत से पूरे गांव में शोक व्याप्त हो गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव मृतका के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की,उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और लटोरी तहसीलदार से बात कर तत्काल सहायता राशि दिलाने की मांग की है।

## पेज 9 के शेष...

### सड़क पर पैदल चल रही तीन...

जा रहा है कि इस घटना में मानिकप्रकाशपुर निवासी 15 वर्षीया जयंती कोरवा आ. रुपदेव, चंपा नाला के समीप रहने वाली 15 वर्षीय साक्षी पाण्डेय आ. सोहन पाण्डेय व 16 वर्षीया उर्मिला नागेश को गंभीर चोट आई है जिसमें उर्मिला की हालत नाजुक बनी हुई है। इस घटना के बाद कार सवार लोग भी दूसरे वाहन से उपचार के लिए निजी अस्पताल चले गये। इस घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंभीर रूप से घायल बच्चियों के परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। ऐसे में उन्हें सम्पूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही दोषियों पर कार्रवाई की जाए। फिलहाल पुलिस द्वारा वाहन को जब्त करने के साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

### रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए...

जिले से 108 श्रद्धालु सम्मिलित थे। योजना के नोडल अधिकारी तथा उप संचालक समाज कल्याण व्हीके उके ने बताया कि सरगुजा जिला अंतर्गत जनपद पंचायत अंबिकापुर से 18, लखनपुर से 18, उदयपुर से 18, लुण्ड्रा से 18, बतौली से 18, सीतापुर से 18, मैनपाट से 18, नगर निगम अंबिकापुर से 28, नगर पंचायत लखनपुर से 7 तथा नगर पंचायत सीतापुर से 7 कुल 168 यात्री तीर्थ यात्रा पर गये हैं। यात्रा में जाने हेतु सभी यात्रियों में काफी खुशी एवं हर्ष का माहौल देखा गया। सभी यात्री श्री रामलला के दर्शन हेतु काफी उत्साहित नजर आये। तीर्थ यात्रा ट्रेन दिनांक 30 अगस्त को वापस अंबिकापुर रेलवे स्टेशन आएगी। इस दौरान विधायक लुंड्रा प्रबोध मिंज, सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अनुराग सिंह देव, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, मेजर अनिल सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

### दूसरे जिले से...

में मिलने वाले यूरिया को 750 से 800 रुपए तक में बेचा जा रहा था। किसान भी अपने फसलों की गरज में मजबूरन उनसे तीन गुना अधिक कीमत पर खाद खरीद रहे थे। मौके पर टीम ने 90 बोरी यूरिया भी जब्त किया है। अधिकारियों का कहना है कि संचालक अधिक दाम पर यूरिया बेचने के साथ ही बिना किसी लाइसेंस के दूसरे जिले में आकर खाद बेच रहा था और उसके द्वारा अवैध रूप से भंडारण किया गया था। टीम ने 90 बोरी यूरिया खाद को जब्त करने के साथ ही मकान को सील कर दिया गया है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर जिलों में चल रही कालाबाजारी पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है।

## यात्री बस ने ओमनी वैन को मारी टक्कर, महिला की मौत, 4 घायल

**ओड़गी।** ओड़गी भैयाथान मुख्य मार्ग पर कालामांजन में कुंवर बस ने ओमनी वैन को जबरदस्त टक्कर मारी दी। दुर्घटना में ओमनी वैन में सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई तथा 4 लोग घायल हो गए। बुधवार की दोपहर 2 बजे ओड़गी की तरफ से आ रही तेज रफ़्तार कुंवर बस के चालक ने धरसेड़ी की तरफ से आ रही ओमनी वैन को टक्कर मार दी। दुर्घटना में ओमनी सवार कबूतरी पति मंगल की मौके पर ही मौत हो गई वहीं सुशीला पति शिव गंभीर रूप से घायल हो गई।

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कलेक्टर से की गई शिकायत

**मदनपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम अग्रवाल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराने की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में शुभम अग्रवाल ने बताया है कि ग्राम पंचायत गणेशपुर में सुनीति दुबे पति दिलीप दुबे, अंकित दुबे द्वारा शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर सेंट्रल बैंक का एटीएम का संचालन करवाया जा रहा है। शुभम अग्रवाल ने मांग की है कि शासकीय जमीन पर विगत कई वर्षों से एटीएम का संचालन हो रहा है जिसका किराया राशि को सरकारी कोष में जमा कराया जाए और शासकीय जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए।

**// न्यायालय तहसीलदार सीतापुर, जिला सरगुजा (छत्तीसगढ़) //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक/अ-6/2024-25

ग्राम आमाटोली

**ईस्तहार (उद्‌घोषणा)/आम सूचना**

उदित गुप्ता आ. दिनेश कुमार गुप्ता, जाति तेली, सा. सीतापुर, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा, छ.ग.

--------आवेदक

प्रति

कोई नहीं

इस ईश्तहार/आमसूचना के मार्फत सूचित किया जाता है कि आवेदक उदित गुप्ता आ. दिनेश कुमार गुप्ता, जाति तेली, सा. सीतापुर, तहसील सीतापुर के द्वारा ग्राम आमाटोली में मृतक खातेदार अभिषेक गुप्ता आ. दिनेश गुप्ता, जाति तेली के नाम से स्थित भूमि ख.नं. 725/15 रकबा 0.040 हे. वादभूमि में उनका/आवेदक का नाम को दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मयदस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में कोई भी हितबध्द पक्षकार दिनांक 09/09/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर या अधिवक्ता के मार्फत/दावा लिखित में आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात प्राप्त आक्षेपों पर सुनवाई हेतु विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
सीतापुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)



































केबिनेट मंत्री
श्री राजेश अग्रवाल जी
का सरगुजा प्रथम नगर आगमन पर
हार्दिक अभिनंदन...
श्री राजेश अग्रवाल जी
केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
अखंड विधायक सिंह
मंडल अध्यक्ष देवगढ़
प्रबोध सिंह
मंडल अध्यक्ष रामगढ़
भारत सिंह सिसोदिया
जिलाध्यक्ष सरगुजा
कमलेश जायसवाल
महामंत्री देवगढ़
कल्पना भदौरिया
महामंत्री रामगढ़
दिनेश यादव
महामंत्री रामगढ़
त्रिलोचन सिंह
महामंत्री देवगढ़
मनीष बंसल
भाजपा नेता उदयपुर
विनीत : भारतीय जनता पार्टी मंडल रामगढ़/देवगढ़
विकासखंड उदयपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
संकलनकर्ता
बसंत यादव
हरिभूमि प्रतिनिधि
डांडगांव
राधेश्याम जायसवाल
उदयपुर
आशीष अग्रवाल
बिशुनपुर, उदयपुर


अंबिकापुर के लोकप्रिय विधायक
श्री राजेश भैया जी
को कैबिनेट मंत्री पर्यटन, संस्कृति,
धार्मिक न्यास व धर्मस्व बनने पर
प्रथम सरगुजा आगमन पर
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...
विनीत - समस्त कार्यकर्तागण, भारतीय जनता पार्टी - मंडल लखनपुर सरगुजा


जन - जन के प्रिय
सरगुजा माटी पुत्र
बड़े भईया आदरणीय
राजेश अग्रवाल जी को
कैबिनेट मंत्री छ.ग. शासन बनाये जाने के उपरांत
प्रथम नगर आगमन पर
हार्दिक...वंदन...अभिनंदन...
विनोद अग्रवाल
जितेन्द्र अग्रवाल
अमित अग्रवाल
विनीत : हरिओम ट्रेडिंग प्रा.लि., अम्बिकापुर


मा. राजेश अग्रवाल जी
को छ.ग. शासन में
कैबिनेट मंत्री बनने उपरांत
प्रथम नगर आगमन पर स्वागत.. वंदन.. अभिनंदन
विनीत - भा.ज.पा. उदयपुर मण्डल, लखनपुर मण्डल एवं अम्बिकापुर ग्रामीण मण्डल
मनोज अग्रवाल
विजय अग्रवाल